कैकेय्या वरदानादि यद्यन्निष्ठुरभाषणम्॥(४५)
सर्वं देवकृतं नो चेदेवं सा भाषयेत्कथम्।

तस्मात्प्रभाते हे तात! रामस्य विनिवर्तने ॥४६॥
निवर्तस्व वधे शुद्धसैन्यैर्भ्रातृभिः सहितः पुरम्।
भरतं सकुलं हत्वा शीघ्रमेवाभिषेक्ष्यति ॥४७॥
(२-८)

अब कैकेई ने नेत्रों में जल भरकर श्री राम से अपने कृत्यों के लिए प्रायश्चित भाव से क्षमा मांगी तब उसके प्रति प्रभु के हृदय के वचन हैं "मेरी प्रेरणा से ही देवताओं की कार्य-सिद्धि के लिये तुम्हारे मुख से शब्द निकले थे। इसमें तुम्हारा कोई दोष नहीं है (२-९-६३)
मयैव प्रेरिता वाणी तव वक्त्राद्विनिर्गता (२-९-६३)
देवकार्यार्थसिद्ध्यर्थमत्र दोषः कुतस्तव (२-९-६४)

अगस्त्य जी ने श्रीराम को पूर्वकाल में राम ही के लिये इन्द्र का दिया हुआ धनुष, बाणों से भरे हुए कभी खाली न होनेवाले दो तरकस तथा एक रत्नजटित खड्ग दिया और कहा "हे राघव राक्षसों का संहार करो"
११
ददौ चापं महेन्द्रेण रामार्थे स्थापितं पुरा ॥३-३-४५
अक्षय्यौ बाणतूणीरौ खड्गं रत्नविभूषितम्।
जहि राघव भूभारभूतं राक्षसमण्डलम् ॥३-३-४६

(1656)

वनवास के तेरह वर्ष बीत चुके। खर दूषण का सैन्य से हार हो चुका अब अखिल ब्रह्माण्ड में सकल रावनों से हार की लीला की प्रारम्भिक घटना का आरम्भ किस प्रकार होना है यह प्रभु एकान्त में लक्ष्मण तक की अनुपस्थिति में कहते सीता से कहते हैं "रावण तुम्हारे पास भिक्षु का रूप धर कर आयेगा, अतः तुम अपने ही समान आकृति वाली अपनी छाया को कुटी में छोड़कर अग्नि में प्रवेश कर जाओ, और मेरी आज्ञा होने तक अदृश्य रूप में रहो। तदनन्तर रावण के मारे जाने पर तुम मुझे पूर्व वत पा लोगी" ।। (3-6-2/3)

रावणो भिक्षुरूपेण आगमिष्यति तेऽन्तिकम्।
त्वं तु छायां त्वदाकारां स्थापयित्वोटजे विश।। (3-6-2)
अग्नावदृश्यरूपेण वर्षं तिष्ठ ममाज्ञया।
रावणस्य वधान्ते मां पूर्ववत्प्राप्स्यसे शुभे।। (3-6-3)

शबरी के गुरु (मतंग) ऋषि ने कहा कि सनातन परमात्मा ने राक्षसों को मारने और ऋषियों की रक्षा के दशरथ जी के पुत्र राम रूप से अवतार लिया है। वे श्री प्रभु ही यहाँ आवेंगे। तू एकाग्रचित्त हो उनका ध्यान करती हुई यहीं रह। (अ-१०-१३/१४)

रामो दाशरथिर्जातः परमात्मा सनातनः।
रक्षसां वधार्थाय ऋषीणां रक्षणाय च ॥ (अ-१०-३)
आगमिष्यति हि एकाग्र ध्यान निष्ठा स्थिरा भव।
(अ-१०-१४)

स्वयंप्रभा ने हनुमान जी से बतलाया कि सहज विरक्ती है मां ब्रह्म लोक जाने हेतु उपासना कर कि यह सब प्रकार के प्राणियों से रहित स्थान रखा है (गुफा) में ही रह कर तप कर। त्रेता में [illegible] सनातन अप्रमेय नारायण प्रभु दशरथ के यहां जन्म लेकर पृथ्वी का भार उतारने के लिए वन में विचरेंगे। उनकी भार्या को ढूंढते हुए वानर तेरी गुहा में आवेंगे उनका सत्कार कर तू रामचन्द्र जी के पास जाकर स्तुति वन्दना स्तुति करके उनके। नित्यधाम को चली जायेगी। (४-६-५४/५६)

(658)

गच्छन्ती ब्रह्मलोकं सा मामाहेदं तपस्विनी ।
अत्रैव निवसन्ती त्वं सर्वप्राणिविवर्जिते ॥ (४-६-५३)
त्रेतायुगे दाशरथिर्भूत्वा नारायणोऽव्ययः ।
भूभारहरणार्थाय विचरिष्यति कानने ॥ (४-६-५४)
मार्गन्तो वानरास्तस्य भार्यामायान्ति ते गुहाम् ।
पूजयित्वाथ तान् नत्वा रामं सस्तुत्य यत्नतः । (५५)
यास्यसि भवनं विष्णोर्योगिगम्यं सनातनम् ॥
(४-६-५६)

चन्द्रमा मुनि ने सम्पाति से कहा था
"त्रेता में अव्यय नारायण दशरथ के पुत्र हो
रावण का वध करने अपनी भार्या सीता और
भाई लक्ष्मण के सहित दण्डक वन में प्रवेश करेंगे।
वहाँ दोनों भाइयों के तपोवन से चले जाने
पर रावण जानकी जी को सूने आश्रम से चोर
के समान ले जाकर लंका में रखेगा। उन्हें
खोजते हुए कुछ वानर समुद्र तट पर
आवेंगे। वहीं तेरा साथ उनका समागम
होगा — इसमें सन्देह नहीं। तब तू उन्हें
सीता का पता बता देना। उसी समय
तेरे नये पंख उत्पन्न हो जायँगे।"
(४-८-५२)

त्रेतायुगे दाशरथिर्भूत्वा नारायणोऽव्ययः ।
भूभारहरणार्थाय दण्डकानागमिष्यति ॥ ४८
सीतया भार्यया सार्धं लक्ष्मणेनानुजेन तु ।
तत्र प्रभोर्जनकजां मायया रहिते वने ॥ ४९
रावणश्चोरवन्नीत्वा लंकायां स्थापयिष्यति ।
तस्याः सुग्रीवनिर्देशाद्वानराः परिमार्गणे ॥ ५०
न्यागमिष्यन्ति जलधेस्तीरे सत्र सम्प्रागताः ।
त्वत्सकाशं कारणवशाद् विश्वासितो संशयश्चापि
तदा सीतास्थितिं तेभ्यः कथयस्व यथार्थतः ।
तदैव ते पक्षौ द्वौ उत्पत्स्येते पुनर्नवौ ॥ ५१ ५२

हनुमानजी के घूंसे की चोट से रक्त
बहाती हुई गिरने पर लंकी राक्षसी ने
हनुमानजी से कहा। पूर्वकाल में ब्रह्माजी ने मुझसे
कहा था, "अट्ठाईसवें चतुर्युग के त्रेता युग
में दाशरथी रामचन्द्र अवतीर्ण होंगे। वे रामजी
भाई लक्ष्मण एवं भार्या सीता सहित
दण्डकवन आयेंगे। वहाँ सीता को रावण हर
ले जायेगा। राम के साथ सुग्रीव की मित्रता
होगी। सुग्रीव जानकी जी की खोज के

(1660)

लिखे बातें को मैं जोगा। उनमें से एक वानर
रात्रि में तेरे पास आयेगा। वह तुझसे तिरस्कृत
होकर तुझे धक्का मारेगा। जिस समय
तू उसके धक्के से व्याकुल हो जाय तभी
रावण का अन्त होगा—इसमें सन्देह नहीं
(५-१-४८/५३)

पुरा हि ब्रह्मणा प्रोक्तं ह्यष्टाविंशतिपर्यये।
त्रेतायुगे दाशरथी रामो नारायणोऽव्ययः॥ (५-१-४८)
सभार्यो राघवो भ्रात्रा गमिष्यति महावनम्।
तस्य सीतां महाभागां रावणोऽपहरिष्यति॥ (५-१-४९)
पश्चाद्रामेण साचिव्यं सुग्रीवस्य भविष्यति।
सुग्रीवो जानकीं द्रष्टुं वानरान्प्रेषयिष्यति॥ (५-१-५१)
तत्रैको वानरो रात्रौ नगरीमागमिष्यति तेऽधिकम्।
लब्धश्च भर्त्सितः सोऽपि त्वां धर्षयिष्यति सुसंस्थिता॥ (५-१-५२)
तेन दृष्टा त्वमव्यग्रा भविष्यसि यदा तदा।
तदैव रावणस्यान्तो भविष्यति न संशयः॥ (५-१-५३)

राम ने यक्षों से कहा 'पूर्वकाल में
मुझे ? पुनरराम ने शाप दिया था कि मैं
लंका में सनातन पुरुष परमात्मा

अनुसार से मैं अपने उन्हीं के हाथ से तुम्हें
सेः रिवेद अपने पुत्र पौत्र बांधवों
सहित मरे जानो। इसीसे उनकी रावण ने
मैंने लिखे अवतार लिया है मैं मनुष्य रूप
धारी। (६-८-४६/४८)

"प्रहरस्वेन मनुष्येण शृणोऽहं राक्षसेश्वर।
इत्सस्य से च अर्थे परमात्मा सनातनः सुखं
तेनैव पुत्र पौत्रैश्च बान्धवैश्च समन्वितः।
हनिष्यसे मनुष्येण इत्युक्त्वा मां हरिर्गतः॥४७
स रावण हरः सं जातो मनुष्ये मां हनिष्यसि॥४८

नारदजी ने कुम्भकर्ण से कहा "इसलिए
देवतागण तुम दोनों भाइयों से अत्यंत
पीड़ित विष्णु के पास जाकर प्रार्थना
की कि आप मनुष्य होकर इस रावण
रूप कंटक को नष्ट कीजिये। तब सत्य-
संकल्प विष्णु ने कहा "अच्छा। कहा
के रघुकुल में राम नाम से विख्यात
हुए हैं। वे तुम सब को मारेंगे।
(६-८-६१/६४)

1662

एवमेवं पीडिता देवाः सर्वे विष्णुमुपागताः ।६१
ऊचुस्ते देवदेवेशं स्तुत्वा भक्त्या समाहिताः ।
जहि रावणमाहूतोऽयं देव त्रैलोक्यकण्टकम् ॥६२
यतस्त्वं मानुषो भूत्वा जहि रावणकण्टकम् ॥६३
तथेत्याह महाविष्णुः सत्यसङ्कल्प ईश्वरः ।
जातो रघुकुले देवो राम इत्यभिविश्रुतः ॥६४
स हनिष्यति तं सर्वं नित्यशुद्धगुणमयो मुनिः ।
(६-७-६५)

अध्यात्म रामायण उत्तरकांड में सर्ग ८ श्लोक ३८ में प्रभु श्रीराम काल से कहते हैं "अब मैं जहाँ से आया था वहीं फिर चला जाऊँगा। मेरा सारा मनोरथ पूर्ण हो गया।"

अहं रोऽस्त्वागमिष्यामि यत एवाहमागतः ।
मनोरथस्तु सम्प्राप्तो न मेऽद्यास्ति विचारणा ॥ ३८
(७-८-३८)

(1663)

उपरोक्त कथानकों से स्पष्ट है कि वनगमन से लेकर रावण का वध कर अयोध्या लौटने तक की प्रत्येक छोटी से छोटी घटना भी अवतार के पहले से ही प्रभु श्री राम ने पूर्व निर्धारित कर रखी थी।

श्री राम निरीश्वर हैं अर्थात इनका कोई प्रेरक नहीं (अध्यात्म रामा. ६ स. ३ श्लोक २९)। इनका कोई प्रभु नहीं ये स्वयं ही सबके प्रभु हैं। ये सर्वथा स्वतंत्र हैं
राजाराम स्ववस भगवानू (रा.मा. २/२१८
ये सृष्टि संचालक हैं अतः अन्य किसी की इच्छा से संचालित नहीं होते बल्कि सृष्टि की बड़ी से बड़ी हस्ती भी इन्हीं की इच्छा से प्रेरित होती है– शारदा, मन्थरा, दशरथ कैकेयी भी इन्हीं की इच्छा से प्रेरित हुए थे "सबकिछु

1665

"कीन्ह राम हरन जानी" (रा.च. मा. २-२९७) स्वेच्छा से ही श्रीराम ने वन गमन किया था।

भगवान शंकर जगदम्बा उमा से स्पष्ट निश्चित मत कहते हैं "अवतरेउ अपने भगत हित निज तंत्र नित रघुकुल मनि॥ (रा.च.मा. १-५१)

"उमा दारु जोषित की नाईं। सबहि नचावत रामु गोसाईं॥ (रा.च.मा. ४-११)

नारद जब प्रभु को शाप दे के बाद माया हट जाने पर क्षमा मांगते हैं तब प्रभु के श्रीमुख के वचन हैं "मृषा होउ मम श्राप कृपाला। मम इच्छा कह दीनदयाला (रा.च.मा. १-१३७)

*एवं अपने शाप को प्रभु द्वारा झूठे करवाना चाहते हैं

श्री राम जय राम जय जय राम

मानस भारती Sept 83 Page 189
में प्रकाशित

सं. क्र. 59 1665

1/5/83

चरन पादुका

प्रभु श्री राम पिता की आज्ञा मान कर राज्य त्याग कर वन-गमन हो गये और निकल कर ~~निकल~~ वे पैरों में पादुका बिना पहने ही साधु की तरह चल पड़े।

महर्षि भरद्वाज के आश्रम से निकल कर आगे बढ़ते हैं तब पथ में पड़ने वाले ग्रामीण नर नारी उनको बिना पनही चलते देख कर अति दुखित हो कर कहते हैं

ए बिचरहिं मग बिनु पदत्राना।
रचे बादि बिधि बाहन नाना॥

श्री राम के बिना पनही पैदल पथ वन में चलने के कारण अपने हृदय के अन्तस्तल में शूल के समान चुभते हुए दुख-को भरत लाल भरद्वाज जी के

सामने प्रकट करते हैं

'राम लखन सिय बिनु पग पनहीं।
करि मुनि बेष फिरहिं बन बनहीं।।
(२-२११)

प्रायः यह शंका उठायी जाती है कि इधर तो भरत कहते हैं राम लखन सीता बिना पनही के नंगे पाँव ही वन में विचरण करते हैं एवं दूसरी ओर जब चित्रकूट पर्वत के नजदीक पहुँच कर सोच कर रहे हैं संकल्प विकल्प मन में उठ रहे हैं कि पता नहीं प्रभु मुझे अपनावेंगे या मेरा आना सुन कर अन्यत्र चले जायेंगे। उसी समय कहते हैं

'मोरे सरन रामहि की पनही।
राम सुस्वामि दोसु सब जनही।।
(२-२३४)

तो राम की पनही की कल्पना उनके मन में किस आधार पर उठती है। एवं चित्रकूट विदा

करते समय श्रीराम ने कृपा करके अपनी पाँवरी दी कहीं से जान कि इस प्रकार प्रभु अपने ऐश्वर्य को छुपाये कर लीला कर रहे हैं।

"प्रभु करि कृपा पाँवरी दीन्हीं।
सादर भरत सीस धरि लीन्हीं।"

इन एक दूसरे के विपरीत तथ्यों का सामंजस्य नहीं हो पा रहा है।

भरतलाल ने यहाँ स्पष्ट शब्दों में नहीं माँगा है सिर्फ अवलम्ब माँग रहे हैं जो प्रभु की इच्छा हो दे दें। किन्तु अन्तर्यामी प्रभु जानते हैं भरत का मन मेरी पादुका प्राप्त करने का है अतः अपनी चरन पादुका ही देकर भगवान ने प्रभु अपने भक्त की आन्तरिक इच्छा की पूर्ति करते हैं। यह तो रामचरित मानस से जानकारी मिलती।

(1668)

"सो अवलंब देव मोहि देई।
अवधि पारु पावौं जेहि सेई॥"
(2-306)

किंतु नरलीला करने वाले प्रभु ने पादुका दी कहां से इस विषय में श्री रामचरितमानस मौन है अतः शंका समाधान नहीं हो पाया।

अध्यात्म रामायण अयोध्या कांड सर्ग ९ श्लोक ४९ में भरत लाल स्पष्ट शब्दों में प्रभु की चरण पादुकाएं मांगते हैं एवं श्लोक ५० में भरतजी ने उनके चरणों में दो पादुकाएं पहना दीं और प्रभु ने वही पादुकाएं (खड़ाऊं) भरत को दे दीं। श्लोक ५४ में उन रत्न जटित पादुकाओं को लेकर भरत ने श्री रामचन्द्रजी की परिक्रमा की और उन्हें बारम्बार प्रणाम किया।

पादुके देहि राजेन्द्र राज्याय तव पूजिते ॥४९
इत्युक्त्वा पादुके दिव्ये योजयामास पादयोः।
रामस्य ते ददौ रामो भरतायातिभक्तितः ॥५०
गृहीत्वा पादुके दिव्ये भरतो रत्नभूषिते।
रामं पुनः परिक्रम्य प्रणनाम पुनः पुनः ॥५१

प्रश्न उठता है कि भरतजी जब श्रीराम को लौटाने की इच्छा से ही गये थे तो बरबार पादुका ले जाने का प्रयोजन क्या था। भरतजी ने ~~शायद~~ सम्भवतः सोचा हो कि राज्यतिलक हो जाने के बाद तो प्रभु का बिना खड़ाऊँ के चलना मर्यादा के विरुद्ध होगा। अतः रत्न-जड़ित खड़ाऊँ साथ ले गये। यह भी संभव उनके मन में हो कि प्रभु श्रीराम सत्यप्रतिज्ञ हैं। अतः जब एकबार वन को प्रस्थान कर चुके तो शायद राज्य ग्रहण करना अथवा लौटना दोनों ही बातें स्वीकार न करें उस दशा में उनके चरणों का

स्पर्श करा कर उनको प्रतिनिधि स्वरूप ही खड़ाऊँ दी। स्वयं सिंहासन पर आसीन रहने की अपेक्षा मैं तो उनका पादुका का राज्य काज सदा हुआ।

जिस प्रकार भक्त भरतजी ने प्रभु की खड़ाऊँ पहराने की इच्छा अर्थात मानसिक संकल्प किया उसी प्रकार अन्तर्यामी भक्तवत्सल प्रभु ने भरत के उस मानसिक अर्पित वस्तु को स्वीकार कर लिया। वह तो प्रभु पदपद्मों की पादुका बन चुकी। अवतरणरूपना से बाह्य लीला मात्र थी। ऐसे तो अपने प्रसाद स्वरूप में प्रतिनिधि रूप में प्रभु ने भरत को दीं। ये पादुकाएँ प्रभु के श्री चरणों के स्पर्श मात्र से जड़ से चैतन्य बन चुकी थीं। तो सिंहासन पर स्थापित होने के बाद राजकाज में भरत को आज्ञा देने लगीं।

नित पूजत प्रभु पाँवरी प्रीति न हृदयँ समाति।
मागि मागि आयसु करत राज काज बहु भाँति॥ (2-325)

इस तरह सत्य-प्रतिज्ञ प्रभु श्री
राम की चौदह वर्ष वनवास करने एवं
भूसुर काज करने की प्रतिज्ञा भी
पूरी हो गयी एवं इधर प्रबन्ध के
राज्य सिंहासन से प्रभु के खड़ाऊँ [illegible]
~~करने उठने की~~ पादुकाओं के माध्यम
सेवन भी रह गये एवं प्रभु के सेवक
रूप की भरत की लालसा भी पूरी हो
गयी।

(672)

(383)

3/5/83

आज बिरद निभा दे न भगवान। टेक

असँख्य अधम उधारे राघव
अब मुझे उधारो तो जानूँ।

परस पाहन पावन किये राघव।
मुझे पावन करो तो जानूँ॥

पाहन सिंधु तिराये राघव।
मुझे भव सिन्धु तिराओ तो जानूँ॥

कुटि कुटि जा जा दर्श दिये राघव।
इस दीन को दर्श दो तो जानूँ॥

अवध महल पलने झूले राघव
'शंकर' हिय झूलो तो जानूँ॥

2/5/83

राम छमहु अपराध सब निस दिन केरा।
अपनावहु अब मोहि जानजन पुत्र तेरा।

जैसा हो अब तक आपके चरनन महँ।
वैसा रहूँ निस दिन उनके चरनन महँ।।

वैसा सकूँ स्याम मुख भूलमिटावन मांहि
भूल ही भूल सके सुझे. शंकर हिय मांहि

(1674)

(सं.सं.नं 60)

2/5/83 — काल —

अध्यात्म रामायण उत्तर काण्ड सर्ग 8 के श्लोक 22 से 25 तक में वर्णित है कि ब्रह्माजी का सन्देश लेकर जब मुनि वेष धारण किये काल भगवान प्रभु श्री रामचन्द्रजी के पास आते हैं तब प्रभु से कहते हैं "मैं आप का ज्येष्ठ पुत्र हूं और काल नाम से प्रसिद्ध हूं। पूर्वकाल में समस्त लोकों का संहार कर एक मात्र आप ही रह गये थे। फिर आपने अपनी माया से संयोग कर पहले आपने प्रभु मुझको तथा जल में शयन करने वाले अनन्त नामक फणधारी शेष नाग को रचा।"

भार्यया सङ्गतस्त्वं मामादौ पुत्रमजीजनः।
तथा भोगवतं नागमनन्तमुदके शयम्॥
(7-8-25)

इसपर कहता है काल कि मैंने बादमें प्रभु
को देख कर मार कर उनको [illegible]
पूर्वापर को पृथ्वी का ढाँचा। फिर प्रभु की नाभी कमल
से ब्रह्मा को उत्पन्न किया। (7-8-2024)

[illegible]

उपरोक्त उद्धरण ने यह तथ्य स्पष्ट रूप से प्रमाणित करता है कि परब्रह्म ने सबसे पहले "काल" यानि मृत्यु की तदुपरांत शेष भगवान की उत्पत्ति की।

यह तो सर्वविदित है ही कि क्षीर सागर में शेष शायी प्रभु के नाभी कमल से ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई। सारे लोकों की सृष्टी ब्रह्माजी ने की है।

सबसे पहले काल यानि वायु की सृष्टि होती है फिर प्रभु के देह के वायु से पृथ्वि बनती है। यानि अविनाशी तो सिर्फ पर ब्रह्म ही है बाकी सभी नाशवान ही हैं। आकाश में विनाश नक्षत्रों (तारों) का कला नाश होता है- उल्कापात होता देखा जाता है। महाप्रलय में

पृथ्वी नाश होकर जलमग्न हो जाती है। सभ्यताओं के नाश को साक्षी इतिहास है। अखिल विश्व का नाश अनित्यता में ~~[illegible]~~ अपने अवश्यम्भावी है हालांकि इस नाश का समय, स्वरूप, तरीके भिन्न भिन्न होते हैं। जीवों के नाश तो दिन रात हम आँखों से देखते ही हैं। प्रभु की माया की सबसे बड़ी विचित्रता तो यही है कि इस नाश की तमाम सत्यता को ही हम सब सेवक ही असत्य मान बैठे हैं कि हमारा यह शरीर हमेशा बना रहेगा।

इस नाश की सत्यता को मान कर यदि हम अपने समय का कुछ अंश भगवत् स्मरण चिन्तन में लगाये रखें; अपने सांसारिक, गार्हस्थ जीवन, शरीर सम्बन्धी अन्य

व्यक्तिगत सम्बन्धी मंतव्य की बागडोर उस विश्वनियंता प्रभु के हाथ सौंप कर निश्चिंत रहें तो बेड़ा पार है। किसी उर्दू कवि ने ठीक ही कहा है "करे है कोई साहब, करैया एक और है"।

1678 प्रसं. सं. 61

6/5/83

— अहल्या —
(गृहस्थाश्रम संस्कारकों से)

गौतम विधिवत् श्री हरि की
आराधना करते थे। उनके
ब्रह्मचर्य से संतुष्ट होकर ब्रह्मा जी
ने लोक सुन्दरी अहल्या उनको सेवा
के लिये उनको दी (१-४८-२०)। इन्द्र
उनके रूप लावण्य पर मुग्ध था।
एक दिन गौतम की अनुपस्थिति में
इन्द्र गौतम का रूप धारण कर आश्रम
में आकर अहल्या के साथ रमण
किया। वह भाग ही रहा था कि गौतम
ने उसे देख लिया और क्रुद्ध हो
शाप दिया कि "तेरे शरीर में सहस्र
भग हो जायँ" (१-४८-२८)। आश्रम
में प्रवेश कर अहल्या को शाप
दिया "तू यहाँ से आश्रम में शिला
में निवास कर। यहाँ तू निराहार रह
कर धूप, वायु नभ आदि को

करती हुई दिन रात तपस्या कर
और सब प्राणियों से अदृश्य में स्थित
परमात्मा राम का ध्यान करो। उससे
यह देव आश्रम विविध जीवों से
रहित हो जायगा। (१-५-२८/२९)
कई हजार वर्ष बीत जाने पर यहाँ
श्रीराम लक्ष्मण के साथ आयेंगे (३०)
वे तेरी आश्रयभूत शिला पर अपने
दोनों चरण रखेंगे उस समय तू पाप
मुक्त हो जायगी। (३१/३२) ऐसा कह
गौतम हिमालय पर चले गये।

उसी दिन से अहल्या वायु भक्षण
करती हुई तपस्या में स्थित है आपके
(श्री राम) चरण-रज के स्पर्श की कामना से
आज तक अलक्षित रह कर रहती है।
(३३-३४) हे राम! अब तुम ब्रह्माजी की
पुत्री गौतम-पत्नि अहल्या का
उद्धार करो। ऐसा कह विश्वामित्र जी
ने श्री राम का हाथ पकड़ कर

(उन्हें तप में स्थित अहल्या को दिखाया)
तब श्रीराम ने अपने चरणों से उस
शिला को स्पर्श कर तपस्विनी अहल्या
को देखा (३५-३६) और मैं राम हूँ
ऐसा कहकर प्रणाम किया। तब
अहल्या ने पीताम्बर धारण
किये श्री राम को देखा (३७) उनकी
चारों भुजाओं में शंख-चक्र, गदा, पद्म
सुशोभित थे, कंधों पर धनुष बाण
थे तथा साथ में लक्ष्मण जी थे (३८)

पावयस्व मुहुर्मामि मां हल्या ब्रह्मसाड् सुतास्मि (३५
नत्वाम राघवोऽहल्यां रामोऽहमिति चाब्रवीत्
ततो ददर्श रघुश्रेष्ठं पीतकौशेयवाससम् (३६)
चतुर्भुजं शङ्खचक्रगदापद्मधारिणम्।
धनुर्बाणधरं रामं लक्ष्मणेन समन्वितम्
(३८)

इस प्रकार चतुर्भुज स्वरूप में श्रीराम
का दर्शन पा अहल्या विस्मित हुई
कर साष्टांग दंडवत कर पुलकित हो
गद्गद वाणी में स्तुति करने लगी।

प्रभु की स्तुति करते हुई कहती हैं जो अकेले ही संसार की उत्पत्ति, स्थिति और नाश के लिये अपनी माया के गुणों को आश्रय कर, ब्रह्मा, विष्णु और महादेव नामक विभिन्न रूप धारण करते हैं वे स्वतंत्र परिपूर्ण आत्मा आप ही हैं (५०) आप ओंकार के वाच्य हैं तथा आप ही वाणी के अगोचर परम पुरुष हैं। वाच्य-वाचक (शब्द-अर्थ) भेद से आप ही सम्पूर्ण जगत रूप हैं (५३)

अयं हि विश्वोद्भवसंयमानामेक
स्वमायागुणबिम्बितो यः।
विरिञ्चिविष्णवीश्वरनामभेदान्
धत्ते स्वतन्त्रः परिपूर्ण आत्मा (५०)
ओंकार इति वाच्यस्त्वं रामवाचामविषयः पुमान्
वाच्यवाचकभेदेन भवानेव जगन्मयः (५३)

प्रभु श्री राम की वन्दना स्तुति, गुणगान आदि के बाद अहल्या प्रभु की कृपा

(१६४२)

प्रार्थना करती हूँ हे देव। मैं जहां कहीं भी रहूं वहीं सर्वदा आपके चरणकमलों में मेरी अहैतुकी भक्ति बनी रहे (अध्यात्म रामा: १-५-५८)

देव मे यत्र कुत्रापि स्थिताया अपि सर्वदा।
त्वत्पादकमले सक्ता भक्तिरेव सदास्तु मे (१-५-५८)

श्रीरामचरितमानस में आता है

पद कमल परागा रस अनुरागा मम मन मधुप करै पाना (१-२११)

फिर प्रभु की आज्ञा पा अपने पति के पास चली गयी।

परिक्रम्य प्रणम्याथ सानुज्ञाता ययौ पतिम् (१-५-६०) (अध्या०)

इहि भाँति सिधारी गौतम नारी बार बार हरि चरन परी।
जो अति मन भावा सो बरु पावा गै पति लोक अनंद भरी। (रा.च.मा. १-२११)

यद्यपि पातक थे तथापि शिलावत् अचल रह कर तप के प्रभाव से अति दुर्लभ प्रभु के श्री चरणों के स्पर्श का सौभाग्य प्राप्त किया और इस तप के प्रभाव से प्रभु के सामने दिव्य देह धारण कर पतिलोक गयी

परसि जासु पद पंकज धूरी। तरी अहल्या कृत अघ भूरी॥ (रा.च.मा. १-२२३)
जे परसि मुनिबनिता लही गति रही जो पातकमई (१-३२४)

उनही चरणों की वन्दना करते रहें

॥ श्री राम जय राम जय जय राम ॥

दैनंदिनी ६२ — (1683)

9/5/83 — सीताजी का अग्नि प्रवेश —
(अध्यात्म रामायण से)

प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक के बाद उनका अभिनन्दन करने के लिये महर्षि अगस्त्यजी के साथ विश्वामित्र, अत्रि, कण्व, दुर्वासा, भृगु, अंगिरा, कश्यप, वामदेव, अत्रि तथा सप्तर्षि प्रभु के दरबार में आये (अध्यात्म रा. ७-१-६/७)।

प्रभु के कुशल प्रश्न के बाद अगस्त्यजी कहते हैं "हे रघुश्रेष्ठ! जानकी के सहित अग्निदेव ने आपको सुख से जीत लिया है" (अध्यात्म. ७-२-६४)।

अग्निस्ते सुरतो जातो छायाया रघूत्तम ॥ (७-२-६४)

श्री राम-चरित मानस में प्रभु श्री राम के विश्वरूप का ~~[illegible]~~ वर्णन करती हुई पत्नी मन्दोदरी रावण से कहती हैं "आनन अनल अंबुपति जीहा" (६-१५)

16-84

इसीलिये हमारे शास्त्रों ने अग्नि को इतना पवित्र माना है कि अग्नि में अपवित्र वस्तु डालने की मना ही है; अग्नि को साक्षी रख कर मित्रता, विवाह आदि में जो प्रतिज्ञायें की जाती हैं उन्हें आजन्म निभाने का विधान है। आर्य संस्कृति में आदि काल से यज्ञ आदि में अग्नि में आहुतियें दी जाती रही हैं ताकि ये आहुतियां अग्नि के माध्यम से परब्रह्म तक पहुंच जायें।

अग्निदेव द्वारा दी गई चरु के फल स्वरूप ही दशरथ घर श्री राम नर तन धारण करते हैं। समय समय पर ज्वालामुखी से निकलती आग की लपटें एवं धुंए से स्पष्ट है कि पृथ्वी के अंतस्तल में अग्नि धधकती ही रहती है उसी पृथ्वी से सीता जी वैकुंठ से जनक घर आती हैं। सीता जी श्री राम की नित्य-शक्ति है

एक दिन क्रीड़ाभवन में एकान्त में सीता जी श्री रामजी से कहती हैं'' हे देव देवताओं ने एकान्त में मुझसे आपके वैकुण्ठ पधारने के विषय में कहा है कि तुम चित् शक्ति से युक्त होकर ही राम हम सबको और अपने सनातन स्थान वैकुण्ठ को छोड़ कर पृथ्वी पर ठहरे हुए हैं। राम सदा तेरे साथ ही रहते हैं। यदि तू पहले वैकुण्ठ चली जाय तो श्री राम वहाँ आकर हमें सनाथ कर देंगे'' (अध्या. ७-४-३८/३९)

देव देवाः समागम्य मामेकान्तेऽब्रुवन्वचः।
बहुशोऽर्थयमानास्ते वैकुण्ठागमनं प्रति ॥(३८)
त्वया समेतश्चिच्छक्त्या रामस्तिष्ठति भूतले।
विसृज्य स्वं स्वकं धाम वैकुण्ठं च सनातनम्॥
आस्ते त्वया जगद्धात्रि रामः कमललोचनः।
अग्रतो याहि वैकुण्ठं त्वं तथा चेद्रघूत्तमः ॥३९
आगमिष्यति वैकुण्ठं सनाथान्नः करिष्यति॥

सीता के ये वचन सुनकर श्री रामचन्द्र ने कहा'' देवि, मैं यह सब जानता हूं। मैं तुमसे

(1686)

सम्प्रति लोकापवाद के मिस से तुम्हें लोकनिंदा से डरने वाले अन्य पुरुषों के समान वन में त्याग दूंगा। वहां वाल्मीकि आश्रम के पास तुम्हारे दो बालक होंगे। तुम मेरे पास फिर आवोगी और लोकों की प्रतीति के लिये आदर पूर्वक शपथ करके तुरंत ही पृथ्वी के छिद्र द्वारा वैकुंठ को चली जावोगी। पीछे मैं भी वहां आ जाऊंगा, बस अब यही निश्चय रहा। (७-४-४१/४४)

देवि जानामि सकलं तत्रोपायं वदामि ते।
कल्पयित्वा मिषं देवि लोकवादं त्वदाश्रयम्॥४१
त्यजामि त्वां वने लोकवादाद्भीत इवापरः।
भविष्यतः कुमारौ द्वौ वाल्मीकेराश्रमान्तिके॥४२
इदानीं दृश्यते गर्भः पुत्रलाभस्य सूचकः।
लोकानां प्रत्ययार्थं हि कृत्वा शपथमादरात्॥४३
भूमेर्विवरमात्रेण वैकुण्ठं यास्यसि द्रुतम्।
पश्चादहं गमिष्यामि एष एव सुनिश्चयः॥४४

उपरोक्त प्रसंग गर्भवती सीताजी को त्याग देने सम्बन्धी श्री राम पर लगाये जाने वाले लांछनों का समाधान है।

उपरोक्त पूर्वनिश्चित योजनाओं के अनुसार ही भविष्य की सारी घटनायें घटित करते हैं प्रभु - सीताजी का त्याग वन में लव कुश का जन्म, प्रभु द्वारा बुलाये जाने पर सीता जी वाल्मीकि मुनि को आगे कर अश्वमेध यज्ञशाला में प्रवेश करती हैं एवं समस्त देवगण, ब्रह्मा की उपस्थिति में मुनियों प्रजाजनों के समक्ष सीताजी उत्तर की ओर मुख एवं नीचे को नेत्र किये हाथ जोड़े कर कहती है "यदि मैं भगवान राम के अतिरिक्त अन्य पुरुष का मन से भी चिंतन नहीं करती तो पृथ्वी देवी मुझे आश्रय दें" (७-९७-१४)

रामादन्यं यथाहं वै मनसापि न चिन्तये।
तथा मे धरणी देवी विवरं दातुमर्हति ॥
(७-९७-१५)

सीताजी के इस प्रकार शपथ लेते ही भूमितल से एक अद्भुत परम दिव्य और अत्यन्त श्रेष्ठ सिंहासन प्रकट हुआ (४१) वह नागराजों द्वारा धारण किया हुआ था। पृथ्वी देवी ने जानकीजी को अपनी दोनों भुजाओं से प्रेमपूर्वक उठाकर उनका स्वागत किया और उन्हें आसन पर बैठा लिया (४२-४३)। तब से श्री रामचन्द्र जी सब भोगों से विरक्त होकर निरन्तर आत्मचिन्तन करते हुए एकान्त में रहने लगे (५२)।

सीताजी जब वैकुंठ से धरातल पर अवतरित होती हैं तब एक जाव द्वार से वैकुंठ फिर जाती हैं तब भी पृथ्वी के मध्य भाग से ही आती और जाती हैं। पृथ्वी के अन्दर निरंतर अग्नि रहती है अर्थात् इतनां ही बार अग्नि प्रकट रूप से अग्नि से आती जाती है।

अब लंका से परोक्ष में अग्नि प्रवेश का प्रसंग चल रहा था। अब प्रत्यक्ष अग्नि प्रवेश प्रसंग पर आ जायँ।

श्री राम अपनी चित्त-शक्ति सीता जी से अलग नहीं रह सकते। वनवास के तेरह साल बीत गये एवं प्रभु के अवतार कार्य का एक ही अखिल कदम लंका वासी राक्षसों का उद्धार बाकी रह गया – इसलिए सीता हरण का नाटक रचना होगा, पर सीता जी से अलग भी राम रह नहीं सकते। अग्नि प्रभु के मुख से जन्म लेती है अतएव रखते हैं। सूत वध के बाद प्रभु प्रत्यक्ष रूप में असली सीता जी को अग्नि में प्रवेश करवाकर अपने पास ही अग्नि के [illegible] [illegible] से रख लेते एवं माया मयी छाया रूप सीता जी को पृथ्वी पर प्रकट रूप में रख छोड़ते

(1690)

को निश्चय कर सीताजी ने ~~[illegible]~~ लक्ष्मणलाल की अनुपस्थिति में कहते हैं — हे पुत्री! रावण तुम्हारे पास भिक्षु का रूप धारण कर आयेगा अतः तुम अपने ही समान आकृतिवाली अपनी छाया को कुटी में छोड़कर अग्नि में प्रवेश कर जाओ और वहाँ मेरी आज्ञा से अदृश्य रूप से एक वर्ष रहो। तदनन्तर रावण के मारे जाने पर तुम मुझे पूर्ववत् पा लोगी। (3-6-23)

रावणो भिक्षुरूपेण आगमिष्यति तेऽन्तिकम्।
त्वं तु धात्वा स्वदृशाकारां स्थापयित्वोटजे विशा॥(2)
अग्नावदृश्यरूपेण वर्षं तिष्ठ ममाज्ञया।
रावणस्य वधान्ते मां पूर्ववत्प्राप्स्यसे शुभे॥(3)

श्री राम के वनवास का आंतरिक उद्देश्य भी सिद्ध हो चुका (रघुकुल रावण का उद्धार एवं विभीषण को लंका का राज्य मिल चुका) इधर वनवास

की चौदह साल की अवधि भी पूरी हो रही है – अवध लौटने के पहले असली सीता को अपने पास बुला कर पंचवटी में सीता को दिये गये आश्वासन को पूरा करना प्रभु को इष्ट है। अतः जब श्री राम के आदेश से सीताजी लंका से लाई जाती हैं तब छायारूपिणी सीता से प्रभु ने बहुत ही न कहने योग्य (उनके चरित्र के विषय में सन्देह युक्त) बातें कहीं (६-१२-५६) उन वाक्यों को सहन न कर सकने के कारण सीताजी ने लक्ष्मणजी से कहा भगवान राम के विश्वास के लिये और लोकों के निश्चय कराने के लिये तुम शीघ्र ही मेरे अग्नि प्रज्वलित करो" (६-१२-६६)

अवाच्यवादाद्धेतुः प्राह सा रघुनन्दनम्
अपहृत्य मारीचा सा सीता लवचसा राघवोदितम्
लक्ष्मणं प्राह मे शीघ्रं प्रज्वालय हुताशनम् ।
विश्वासार्थं हि रामस्य लोकानां प्रत्ययाय च ।। (६५)

1692

श्री राम की भी सम्मति समझ
कर लक्ष्मण जी वैसा ही कर चुपचाप
श्री राम के पास जाकर खड़े हो गये।
सीता जी ने देवता और ब्राह्मणों को
नमस्कार कर, अग्नि के पास जा
हाथ जोड़ कर कहा "यदि मेरा हृदय
श्री रघुनाथ जी को छोड़ कर कभी
दूसरे पर नहीं जाता तो समस्त लोकों
के साक्षी अग्निदेव मेरी सब ओर
से रक्षा करें" ऐसा कह, अग्नि की
परिक्रमा कर निर्भय चित्त से उस
प्रज्वलित अग्नि में घुस गयीं। (८०-८२ ८१/८३

बद्धाञ्जलिपुटा चेदमुवाचाग्निसमीपतः।
यथा मे हृदयं नित्यं नापसर्पति राघवात्॥(८१)
तथा लोकस्य साक्षी मां सर्वतः पातु पावकः।
एवमुक्त्वा तु वैदेही परिक्रम्य हुताशनम्(८२
विवेश ज्वलनं दीप्तं निर्भयेन हृदा सती (८३)

ब्रह्मादि देवताओं द्वारा श्री राम
की स्तुति करने के बाद लोक साक्षी

अग्निदेव ने अपनी गोद में जानकी जी को लिये हुए प्रकट होकर शरणागत-दुःखहारी श्री रघुनाथजी से कहा "रघुवीर! पहले तपोवन में मुझे सौंपी हुई देवी जानकी जी को ग्रहण कीजिये। (६-९३-२०) वह प्रतिबिम्ब रूपिणी माया सीता, जिस कार्य के लिये रची गयी थी उसे पूरा करके अब अदृश्य हो गयी है"। अग्निदेव के ये वचन सुनकर श्री रामचन्द्रजी ने अति प्रसन्न हो उनका पूजन कर प्रसन्नवदना जानकीजी को ग्रहण किया। (६-९३-२२)

प्रोवाच साक्षी जगतां रघूत्तमं
प्रपन्नसर्वार्तिहरं हुताशनः।
गृहाण देवीं रघुनाथ जानकीं
पुरा त्वया मय्यवरोपितां वने॥(२०)
तिरोहिता सा प्रतिबिम्बरूपिणी
कृता यदर्थं कृतकृत्यतां गता।
ततोऽतिहृष्टो परिगृह्य जानकीं
रामः प्रहृष्टः प्रतिपूज्य पावकम्(२२)

(1695)

उपदेश

सर्वसाक्षी अग्निदेव स्पष्ट करें कि
तपोवन में जिस सीता को आपने मेरे
पास रखा था उसे आप ग्रहण करें एवं
प्रतिबिम्ब माया-सीता को अपना कार्य
कर तिरोहित हो चुकी इस विषय में
बहुत ही निर्णयात्मक और महत्वपूर्ण है।

आपकी असली चित्-शक्ति
नर-तन में रघुकुल की बधु और
अयोध्या की रानी स्वरूपी सीता
जी को रावण द्वारा हरे जाने से अलग
रखे जनकर रघुकुल की मर्यादा
बचाये रखना, किन्तु साथ ही साथ
रावण को भ्रम में ही रखे रखना कि
वह असली सीता को ही हर ले
जा रहा है। (इसका प्रमाण है कि हरने
के पूर्व वह सीताजी को मानसिक
प्रणाम करता है) सम्भवतः ये भी
कारण हो सकते हैं रघुवंश
सरकार श्री रामचन्द्रजी के

सीता को पंचवटी में एकान्त में ही
गुप्त रूप से अग्नि में रख छोड़ने
का।

श्री रामजी एक पत्निव्रत हैं, अतः
वनवास की अवधि पूरी होते ही
अयोध्या लौट कर अवध के
राज्य सिंहासन पर असली सीताजी के
साथ बैठ कर राज्य तिलक कराना
है जिस सीता का पाणिग्रहण
उन्होंने मिथिला में किया था, एवं
अपने प्रिय जनों परिजनों और
पुरजनों वही सीता लौटानी है जिसे
साथ लेकर वन को चले थे। माया
रूप सीता के प्रतिबिम्ब को तिरोहित
कर देना तथा रावण की दुर्व्यवस्था
में सीता को निष्कलंक प्रमाणित
करते हुए अपनी चित्-शक्ति सीता
को अग्नि से लौटा लेने के उद्देश्य
से ही सम्भवतः प्रभु ने यह

1696

सीता जी की अग्नि-परीक्षा का नाटक क्या है।

ये तो प्रत्यक्ष बाजीगरी मात्र ही है। उस लीलामय सर्वज्ञ प्रभु की हर लीला को अपनी गूढ़ रहस्यमें प्रभु श्री रामचन्द्र भगवान स्वयं ही जानें, हम क्षुद्र संसारी जीव उस अगम्य की लीला को क्या समझ सकेंगे।

श्री सीताराम सीताराम सीताराम जय सीताराम —

श्री राम जय राम जय जय राम

(1697)

(385)

15/5/83

सुत लै नभव सहज उदास।
विलख रहा यह दास निहार॥

अभ्यूस दीन अनाथ लख द्वार।
बनके सनाथ तेरे द्वार॥

विचारत कभि सुप्रेम नाम निहार।
किया न कभी सुमिरन निहार॥

अकारन कृपाल स्वभाव निहार।
सुन अप्राप्या निखारि द्वार निहार॥

रखो विरद, अपना जन निहार।
रख, जनम जनम दास निहार॥

(1698)

पूर दो यह अभिलाष हमारा।
सतत समर्पित चित, चरन तिहारा।

डालो इक करुना दृष्टि निहारा।
अपना लो, कह 'सँकर' तिहारा॥

सॅल नं 63 (1699)

5/6/83 म्हारा बाई को खीचड़ो

थाली भर कर ल्याई खीचड़ो
ऊपर घी की बाटकी।
जीमो म्हारा स्याम धणी
जिमावें बेटी जाट की॥ टेर

बाबो म्हारो गाँव गयो है
ना जाणे कद आवैलो
ऊँका भरोसे बैठ्यो रह्यो तो
भूखो ही रह जावैलो।
आज जिमाऊँ थानें खीचड़ो
काल राबड़ी छाछ की।
जीमो म्हारा स्याम धणी
जिमावें बेटी जाट की॥ १

(1700)

बार बार मन्दिर न जड़ती
बार बार मैं खोलती ।
कइयाँ कोनी जीमे है सांवरा
करड़ो करड़ो बोलती ।
थूँ जीमै तो जद मैं जीमूं
मानूं ना कोई लाट की
जीमो म्हारा स्याम धणी
जिमावे बेटी जाट की ॥२

पड़दो भूल गई सांवरिया
पड़दो फेर लगायो जी
धावलिये की ओट बैठकर
स्याम खीचड़ो खुवायो जी ।
भोला ढोला मनुवाँ कै
सांवरियाँ कइयाँ जजाट की
जीमो म्हारा स्याम धणी
जिमावे बेटी जाट की ॥३

भक्ति होतो करमां जैसी
सांवरिये घर आवे लो
सोहन को आकार प्रभु का
हर्ष हर्ष गुन गावे लो ।
सांचो प्रेम प्रभु में हो तो
मुक्ति ओले कोठ की
भीलो सा ध्यान धापी
जिमावे बेरी आर की ।। ८

17.0२

386

८|८|83

मेरे प्यारे श्याम धनी।
बिसारें न विरद अपनी॥

हेरो न प्रभु मम करनी।
दिखा दो सूरत सलोनी॥

बिखेर दो मुस्कान अपनी।
सुना दो पायलन धुनी॥

डालो कृपा दृष्टि अपनी।
परसन दो पद नरम मनी॥

बैठा लो गोद अपनी।
ले लो 'शंकर' सर्न अपनी॥

(1703)

(३४१)

२५/६/८३

ठुकरा अनाज लाज ला मौलाबी

राघव बड़ो भरोसो तेरो।
प्रभु बड़ो ही भरोसो तेरो ।। २

धर्म रक्षन जुग जुग अवतार लियौ
परजन लगि छिन छिन प्रगट भयौ

जन रक्षन सदा अद्भुत कर्म कियो।
जन दुख हर जन रक्षन कहायो ।।

कच्छ मच्छ सूकर माहि गिरि उठायो
अनल विष पियो कमि जुद्ध मनायो

खम्भ फाड़ पहलाद रक्षा कियो
बड़ बल हरनाकुस हर बलि पहरि कियो

1705

मधु मार माधव नाम पायो।
खर मुर मार खरारि मुरारि भयो

देवन को प्रभु तुम अमृत प्यायो।
असुरन को छल मार भगायो।।

बलि छल्यो बार बाली छल्यो।
वृन्दा सी पतिव्रता नार छल्यो।

भीसम जयद्रथ विप्र द्रोन छल्यो
भक्तन हेत छलिया कहलायो।।

कंस भय से नींद नहीं पायो।
सिसुपाल सभा मार सुनायो।।

सिय-चोर निसचर सकुल नायौं
ऐसो महा कृपाल प्रभु तुम हो।।

~~खकर मारयौ~~

खकर मार सुआयौं कुल परिवार।
अब देर से बैरि छन मैं पार५

पुसला माही कालिय लावयो।
अघासुर पेट मैं जाग फुल्यौ॥

सोंच सोंच सकटासुर पुवायो।
तृणावरत को मूसल बनायो॥

मिलनि बैर करमा खिचड़ी आयो
अहिरिन घर माखन चुरा खायो

घधियू भइ धोधे पर नाचे रिझायो
धोधे लोग कुरन गोबर टिप लगायो

(1706)

चिकड़े बच्छे चुड़ै छिन चबायो।
मुहि खवा असमें तब्रह्मंड दिखायो

विदरानी घर छिलके खायो।
टेर सुन धा डुबत गज उबार्यो।।

उखल बँधे बिटप गिरायो
बिस ग्रुप्नी बनवा मिरा बचायो।।

इन्दर जब कोप कियो ब्रज ऊपर
गिरधर कहायो धर गिर नख पर

ब्रज में जुठन खा गुल्लि डंडा खेल्यो
हारे गोपे सखन पिठ चढ़ायो।

ब्रह्मा बालक बछड़े चुरायो।
एक बर्ष तिनको रूप धार रह्यो है।